Date: 10th June, 2025

| | |
|---|---|
| To,<br>The Listing Department<br>**BSE Limited**<br>Department of Corporate Affairs<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street<br>Mumbai – 400 001 | To,<br>The Listing Department<br>**National Stock Exchange of India Ltd.**<br>Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block<br>Bandra-Kurla Complex,<br>Bandra (E)<br>Mumbai - 400 051 |

Dear Sir/Madam,

**Subject:** **Newspaper Publication regarding the 01/2025-26 Extra-Ordinary General Meeting to be held through Video Conferencing (VC)/ Other Audio Visual Means (OAVM).**

**Reference: ISIN - INE337M01013; Scrip Id-533676; Scrip Code-INDOTHAI**

With reference to aforesaid subject matter and pursuant to Regulations 30 and 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, and pursuant to General Circular Nos. General Circular Nos. 14/2020 dated 8th April, 2020 and 17/2020 dated 13th April, 2020 and subsequent circulars issued in this regard and the latest being 09/2024 dated 19th September, 2024 issued by the Ministry of Corporate Affairs and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated 12th May, 2020 issued by the Securities and Exchange Board of India, please find enclosed herewith extract of Newspaper Publication regarding the **01/2025-26 Extra-Ordinary General Meeting** of the Company to be held on **Wednesday, 02nd July, 2025 at 04:00 P.M. (IST)** through Video Conferencing ("VC")/ Other Audio Visual Means ("OAVM") published on 10th June, 2025 in the following newspapers:

**1.** Choutha Sansar - Indore Edition
**2.** Free Press Journal - Indore Edition

You are requested to please take the same in your record.

Thanking you,

Yours truly,

**For Indo Thai Securities Limited**

SHRUTI SIKARWAR
Digitally signed by SHRUTI SIKARWAR
Date: 2025.06.10 15:09:08 +05'30'

**Shruti Sikarwar**
*(Company Secretary cum Compliance Officer)*
*Membership No.: A61132*

## एक नजर

### 19 जून को मध्यप्रदेश आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

#### विश्व सिकल सेल दिवस पर बड़वानी में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

**भोपाल,(निप्र)।** राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047 के अंतर्गत विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर 19 जून को मध्य प्रदेश के बड़वानी में ग्राम पंचायत तलून के खेल स्टेडियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सहित अन्य मंत्री शामिल होंगे। इस अवसर पर कई नवाचारों का शुभारंभ किया जाएगा। इनमें जेनेटिक काउंसलिंग जागरूकता वीडियो और प्रभावित गर्भवती महिलाओं के लिए व्यापक दिशा-निर्देश मॉड्यूल शामिल हैं। लक्षित आयु वर्ग की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग पूर्ण करने वाली पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर डीएसपी अजाक और टीआई कटनी लाइन अटैच

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर जांच के उपरांत डीएसपी अजाक कटनी श्री प्रभात कुमार शुक्ला एवं महिला थाना प्रभारी कटनी श्रीमती मंजू शर्मा को उप पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर रेंज के कार्यालय में संबद्ध किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कटनी जिले में हुए घटनाक्रम के फलस्वरूप दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए यह आदेश जारी किए हैं।

### समिति की बैठक में हुए विधायक शामिल

आष्टा ,(निप्र)। मप्र विधानसभा की याचिका एवं अभ्यावेदन समिति की आज विधानसभा भवन में कक्ष क्र 7 में बैठक सम्पन्न हुई। समिति के सदस्य के रूप में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर उक्त बैठक में शामिल हुए। विधानसभा भवन में याचिका एवं अभ्यावेदन समिति की बैठक में प्राप्त याचिकाओं पर सुनवाई की।

# कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी: डॉ. यादव

## 80 करोड़ रुपये से अधिक के 135 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया




**भोपाल,(निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उनका और राज्य सरकार का गाडरवारा के नागरिकों के साथ विकास और विश्वास का रिश्ता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गाडरवाड़ा में गौशाला निर्माण किए जाने और प्रदेशवासियों को सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को नरसिंहपुर जिले के गाडरवाड़ा में 80 करोड़ रुपए से अधिक के निर्माण और विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। विश्व में देश का मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के सेवा एवं सुशासन के 11 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। विकास की नई उपलब्धियां सभी के सामने हैं। उनके कार्यकाल में तीन तलाक का कानून पास हुआ, जिसके क्रियान्वयन में कहीं भी कोई विरोध नहीं हुआ। धारा 370 हटाने पर देश के अंदर एक आनंद का माहौल रहा। पहलगांव की घटना में पूरा देश एकजुट हुआ और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर देश में सनातन संस्कृति को नई ऊंचाई प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट के माध्यम से 80 करोड़ 46 लाख 30 हजार रुपये के 135 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने 56 करोड़ 58 लाख 6 हजार रुपये के 67 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 23 करोड़ 88 लाख 24 हजार रुपये के 68 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास के कार्यों में कोई कोर कसर नहीं रखी जायेगी। जिले के विकास के लिए मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा जो प्रस्ताव दिए गए हैं, उन्हें पूर्ण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वृहद स्तर पर सोलर पॉवर कनेक्शन प्रदाय किए जाएंगे, जिससे किसानों को बिजली की समस्या से मुक्ति मिलेगी।



# जनजातीय कोल समाज अपनी वीरता एवं गंभीरता के लिए जाना जाता है : मुख्यमंत्री

**भोपाल (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनजातीय समाज का समृद्ध एवं गौरवशाली इतिहास रहा है, समाज ने देश की स्वतंत्रता एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जनजातीय कोल समाज प्राचीन काल से ही अपनी वीरता एवं गंभीरता के लिए जाना जाता है। जनजातीय समाज के अनेक नायकों ने अपना बलिदान देकर जल, जंगल, जमीन एवं अंग्रेजों से लड़कर देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में जहां कोल जनजाति के लोग निवासरत हैं और जिनके पट्टे नहीं बने हैं, जांच कराकर पट्टा देने का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारी देशभक्त जनजातीय महानायक भगवान बिरसा मुण्डा की बिरसा मुण्डा मेडिकल कॉलेज शहडोल में प्रतिमा तथा बाणसागर जलाशय में बाणभट्ट की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय समाज के बेटा, बेटियों की शिक्षा तथा कोचिंग का खर्च सरकार उठाएगी। प्रदेश के सभी संभागों में 24-24 करोड़ के लागत वाले 100-100 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास एवं परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ब्यौहारी में राज्य स्तरीय कोल जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 330 करोड़ रूपए लागत के 55 विकास कार्यों का लोकार्पण ओर 52 कार्यों का भूमिपूजन किया।

**जनजातीय नायकों का स्मरण**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजा भभूतसिंह के योगदान का स्मरण भी किया। राजा भभूतसिंह के सम्मान में उनके शासन केंद्र पचमढ़ी में कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कौल समाज में अनेक गौरवशाली व्यक्तित्व रहे हैं इनमें बुधु भगत और मदारा महतो भी शामिल हैं। कौल समाज इनके कृतित्व से गौरवान्वित है। वर्ष 1831 और 1832 में इन जनजातीय नायकों के नेतृत्व में अंग्रेजों के अत्याचारों के विरूद्ध संघर्ष किया था। कौल समाज के बंधुओं ने भगवान श्रीराम के लिए पर्णकुटी बनाई थी। यह देश भक्त समाज है। जनजातीय समाज का इतिहास ऐसे महापुरूषों से गौरवशाली है। रानी दुर्गावती के सम्मान में सिंग्रामपुर में भी कैबिनेट बैठक आयोजित की गई।

# कैंची धाम वाले नीम करोली महाराज के हनुमत धाम निर्माण से बढ़ेगी भोपाल की आभा और कीर्ति

**भोपाल,(निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल, सनातन संस्कृति के केंद्र के रूप में पहचान बनाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा है। कैंची धाम वाले नीम करोली महाराज के हनुमत धाम के निर्माण से भोपाल की आभा और कीर्ति बढ़ेगी। भोपाल में राजा भोज के नाम से भोज द्वार बनाने का संकल्प लिया था, हनुमत धाम निर्माण भी इसी दिशा में एक कदम है। सम्राट विक्रमादित्य सहित भारतीय संस्कृति से जुड़े सभी गौरवशाली पक्षों को यहां प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कैंची धाम वाले नीब करोली महाराज के रतनपुर भोपाल में बन रहे हनुमत धाम के भूमि पूजन कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर प्रकाशित स्मारिका ₹कैंची धाम वाले नीब करोली महाराज-बाबा का हनुमत धाम₹ का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में बाबा का धाम बनाने का राम राज बाबा नीब करौरी चैरिटेबल ट्रस्ट का संकल्प स्वागत योग्य है। बाबा से जुड़े कार्यक्रम में सम्मिलित होना सौभाग्य का विषय है।

# भोपाल में डेंगू और मलेरिया का अलर्ट जारी

**भोपाल,(निप्र)।** गर्मी और उमस भरे मौसम के बीच राजधानी भोपाल में डेंगू और मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। हाल के दिनों में तापमान के साथ-साथ वातावरण में नमी बढ़ने के कारण मच्छरों के पनपने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम ने हाई अलर्ट जारी किया है। भोपाल के कुछ क्षेत्रों से बुखार, बदन दर्द और उल्टी जैसे लक्षणों की शिकायतें मिलने लगी हैं। जिससे संभावित डेंगू और मलेरिया के मामलों पर नजर रखी जा रही है।हालांकि अभी तक कोई पुष्ट डेंगू केस सामने नहीं आया है, लेकिन संदिग्ध लक्षणों के साथ दर्जनों मरीज अस्पताल पहुंचे हैं। नगर निगम की कार्रवाई। नगर निगम द्वारा शहर में फॉगिंग अभियान चलाया जा रहा है। खासकर निचली बस्तियों, जलभराव वाले इलाकों और स्कूल-कॉलेजों के आसपास।एंटी लार्वा दवा का छिड़काव, नालियों की सफाई और पानी जमा न हो इस पर विशेष ध्यान। स्वास्थ्य विभाग की तैयारीसभी सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।डेंगू-मलेरिया जांच किट और प्लेटलेट्स की व्यवस्था की जा रही है। स्कूलों में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान शुरू किया गया है झ बच्चों को स्वच्छता और मच्छर से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं।

# झोपड़ी में बंद कर दे रहे थे धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन

**भोपाल,(निप्र)।** भोपाल में एक बार फिर धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया है। इस बार सूखी सेवनिया क्षेत्र में गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों को निशाना बनाया गया है। इस मामले में ईसाई मिशनरी से जुड़े कुछ लोग रंगे हाथों पकड़े गए हैं, जो झोपड़ी में बंद कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन दे रहे थे। यह मामला न केवल धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन का प्रतीक है।सूखी सेवनिया के एक झोपड़ी में गरीब लोगों को एकत्रित कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि लोगों को धर्म परिवर्तन के बदले प्रति व्यक्ति 50 हजार रुपये दिए जाने का वादा किया गया था। इसके अलावा, बच्चों को मिशनरी स्कूलों में निशुल्क शिक्षा और हॉस्टल की सुविधा देने का प्रलोभन भी दिया जा रहा था। इस से भी आगे बढ़ते हुए, बुजुर्गों और माता-पिता को मेट्रो शहरों के बड़े अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा सेवा का भी वादा किया गया था।



# ससंघ पावन वर्षा योग दिव्योदय तीर्थ आष्टा पर होने की संभावना

**आष्टा,(निप्र)।** दिगंबर जैन पंचायत समिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने जबलपुर पहुंच कर आचार्यश्री समय सागर जी मुनिराज से भेंट कर मुनिश्री निर्णय सागर जी एवं क्षुल्लक अटल सागर जी ससंघ का चातुर्मास 2025 का आष्टा में हो कि भावना को लेकर श्रीफल भेंट किया।नवाचार्य समय सागर जी मुनिराज ने समाज के प्रतिनिधि मंडल को मुस्कुराते हुए पुण्य बढ़ाने को कहा। विदित रहे कि समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने हरदा पहुंचकर 108 मुनिश्री निर्णय सागर मुनिराज एवं क्षुल्लक श्री अटल सागर जी मुनिराज से भेंट कर आष्टा में चातुर्मास हेतु विनती की थी। मुनिश्री ने आचार्य समय सागर जी मुनिराज से अनुमति लेने को कहा था। समाज के अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल के नेतृत्व में संतोष जैन जादूगर ,शरद जैन ,मुकेश जैन मुनि सेवा समिति के प्रमुख धीरज जैन नीलबड़ ने सोमवार 9 जून को जबलपुर पहुंच कर आचार्यश्री से भेंट कर श्रीफल अर्पित किया। आचार्यश्री ने समाज के प्रतिनिधि मंडल को पुण्य बढ़ाने को कहा।शरद जैन ने कहा कि आचार्यश्री के पास आष्टा का नाम स्मृति पटल पर है।इस बार भी आष्टा के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर वर्ष 2025 का मुनि संघ का वषायोग मिलेगा।

# पुरानी सब्जी मंडी से अतिक्रमण हटाओ मुहिम शुरू

## सब्जियां एवं लकड़ी के तख्त जब्त किए

**आष्टा,(निप्र)।** तीन दिन बाद सोमवार की शाम को अतिक्रमण हटाओ मुहिम पुरानी सब्जी मंडी से मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना के नेतृत्व में प्रारंभ हुई। मुहिम के दौरान सड़क पर केरेट एवं डलियों में रखी हुई सब्जियां एवं तख्त आदि जब्त किए गए। मुनादी कराने और सोशल मीडिया पर सूचना देने के बाद भी सब्जी विक्रेताओं ने अपना सामान नहीं हटाया। उनके पास जो दुकानें हैं उसे तथा फुटपाथ को भी कब्जा में लेकर सड़क पर नित्य ही सब्जी रखकर विक्रय करते थे।



विदित रहे कि बुधवार के दिन एसडीएम स्वाति उपाध्याय मिश्रा एवं हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट के बीच हुई गर्मा गर्मी के पश्चात यह मुहिम अन्य कारणों एवं ईद का त्योहार होने आदि के कारण प्रभावी तरीके से नहीं चल पाई थी। हालांकि मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सक्सेना एवं नगर निरीक्षक गिरीश दुबे ने अपनी टीम के साथ अस्पताल के समीप तथा रेंज कार्यालय के सामने लगने वाले सब्जी एवं फल -फ्रूट के हाथ ठेलो को व्यवस्थित कराने के लिए सेठी पेट्रोल पंप एवं रेंज कार्यालय के बीच के मार्ग पर अतिक्रमण को हटवाया था। सुभाष ग्राउंड के प्रवेश द्वार का समीप बने फुटपाथ पर इन हाथ ठेला वालों को जगह दी।

**फल फ्रूट भी जब्त किए, नया बस स्टैंड तक चली मुहिम -** मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान पुरानी सब्जी मंडी से प्रारंभ होकर फ्रूट मार्केट, शंकर मंदिर मार्ग, पुराना बस स्टैंड से नया बस स्टैंड कॉरिडोर तक पहुंचा पूरा मार्ग भी व्यवस्थित कराया गया। इस दौरान फल फ्रूट एवं शेड आदि भी जब्त किए गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने बताया कि 10 जून मंगलवार को शाम के समय हमारी मुहिम पुनः शुरू होगी। जो कसाईपुरा आदि में पहुंच कर अतिक्रमण हटाएंगी।

**न्यायालय श्रीमान नजूल अधिकारी बुरहानपुर जिला बुरहानपुर म.प्र.**

रा.प्र.क्र अ6/2025-26

**प्रेस विज्ञप्ति (सूचना पत्र)**

1. ममता पति महेश साहू पुत्री बच्चूलालजी साहू
निवासी शनवारा शहर, तहसील व जिला बुरहानपुर ....... .......... आवेदिका

**विरूद्ध**

1. रेखा विधवा ओमप्रकाश,
2 जितेन्द्र पिता ओमप्रकाश,
3 संदीप पिता ओमप्रकाश (मृत)
3 (क) भावना साहू आयु 30 वर्ष बेवा संदीप साहू,
3(ख) वेद आयु 08 वर्ष पिता संदीप साहू,
नबालिक वली माता भावना साहू
सभी निवासी कनाडीया रोड, आलोक नगर इन्दौर म.प्र. ..... **अनावेदकगण**

आवेदिका ममता पति महेश साहू निवासी शनवारा बुरहानपुर के द्वारा अनावेदकगण रेखा विधवा ओमप्रकाश, जितेन्द्र पिता ओमप्रकाश, भावना साहू बेवा रोप साहू वेद पिता संदीप साहू नाबालिक वली माता भावना साहू सभी निवासी संदीप कनाडीया रोड आलोकर नगर इन्दौर के विरूद्ध बुरहानपुर शहर के मोहल्ला शनवारा में स्थित संपत्ति जिसका नजूल ब्लॉक नंबर 24 प्लॉट नंबर 34/2 क्षेत्रफल 2778 वर्गफिट में से से पश्चिम दक्षिण दिशा के कोने का 11 बाय 24 फिट अर्थात 264 वर्गफिट अपने हक व हिस्से की संपत्ति का पृथक अपने नाम से नामांतरण व बटांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आप अनावेदक कमांक 3 (क) भावना बेवा संदीप साहू निवासी कनाडिया रोड आलोक नगर इन्दौर इस न्यायालय में उक्त प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 24/06/26 को दोपहर 02:00 बजे आवेदन पत्र का उत्तर देने हेतु हाजिर होने हेतु समंस किया जाता है। अतः आप अनावेदक कमांक 03 (क) भावना बेवा संदीप साहू निवासी कनाडिया रोड आलोक नगर इन्दौर को इस सूचना पत्र प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस कार्यवाही के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। बाद मियाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।
यह प्रेस विज्ञप्ति आज दिनांक 05/06/25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी की गई।

(पल्लवी पुराणिक)
नजूल अधिकारी
बुरहानपुर (म.प्र.)

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खण्डवा**

**आम सूचना**

क्रमांक :—1026 / सं.प्र.शा. / 2025 खण्डवा दिनांक — 09 / 06 / 2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नई हाउसिंग बोर्ड कालोनी भीकनगांव में स्थित भवन / भूखण्ड क्रमांक MIG—45 मंडल द्वारा श्री **नंदकिशोर शर्मा पिता श्री मौजिलाल शर्मा** के नाम आबंटित है। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 09 / 05 / 2007 को पंजीकृत है। **श्री नंदकिशोर शर्मा** की मृत्यु दिनांक 10 / 06 / 2015 को हो जाने से इनकी पत्नि **श्रीमती प्रमिला बाई पति स्व. श्री नंदकिशोर शर्मा एवं तीन पुत्रों में श्री रविन्द्र शर्मा, श्री हरिश शर्मा एवं श्री गिरीश शर्मा सभी पिता स्व. श्री नंदकिशोर शर्मा** द्वारा अन्य कोई वारसान नहीं होने बाबत् शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्जावेज प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति अपने संयुक्त नाम से नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

**श्री नंदकिशोर शर्मा की मृत्यु उपरांत इनकी इनकी पत्नि श्रीमती प्रमिला बाई पति स्व. श्री नंदकिशोर शर्मा एवं तीन पुत्रों में श्री रविन्द्र शर्मा पिता स्व. श्री नंदकिशोर शर्मा, श्री हरिश शर्मा पिता स्व. श्री नंदकिशोर शर्मा एवं श्री गिरीश शर्मा पिता स्व. श्री नंदकिशोर शर्मा** के नाम से प्राप्त आवेदन अनुसार संयुक्त नाम से नामांतरण करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / वित्तिय संस्था / परिवार के सदस्य इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने को स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी,
म.प्र.गृ.नि. एवं अधोसंरचना विकास मंडल, संभाग खंडवा

**फॉर्म नं. यूआरसी-2**

**अधिनियम के चैप्टर XXI के भाग 1 के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन के बाबद नोटिस का विज्ञापन**

[कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 374 (बी) और कम्पनी (पंजीकृत होने हेतु अधिकृत), नियम 2014 के नियम 4(1) के अनुसार]

1. सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप धारा (2) के अनुसार, रजिस्ट्रार, सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (सीआरसी), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (आईआईसीए), प्लॉट नं. 6, 7, 8, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा) पिन कोड 122050 के समक्ष एक आवेदन नोटिस के प्रकाशन से पंद्रह दिनों पश्चात लेकिन तीस दिन की अवधि पूरी होने के पूर्व प्रस्तुत करना प्रस्तावित है, जिसके अनुसार **सेम केम** जो कि एक पार्टनरशिप फर्म है, उसको कंपनी अधिनियम 2013 के चैप्टर ददख के पार्ट 1 के अंतर्गत एक लिमिटेड कंपनी के तौर पर पंजीकृत किया जा सकता है, जिसके शेयर्स' **सेम केम प्रायवेट लिमिटेड**' के नाम से होंगे।

2. कंपनी के प्रमुख विषय इस प्रकार होंगे:

अ. सभी प्रकार के फार्मास्युटिकल्स, एंटीबायोटिक्स, ड्रग्स, मेडिसिंस, बायोलॉजिकल, न्यूट्रास्युटिकल्स, हेल्थकेयर, आयुर्वेदिक, हर्बल, नेचुरल तथा डाइटरी सप्लीमेंट्स उत्पाद, मेडिसिनल प्रिपरेशंस, वैक्सीन्स, केमिकल्स, केमिकल उत्पाद, ड्राय सॉल्टर्स, मिनरल वाटर्स, वाइंस, कॉर्डियल्स, लिकर्स, सूप्स, ब्राथ्स तथा अन्य पुष्टिदायक औषधि या खाद्य को मेन्यूफेक्चर्स, फॉर्म्युलेट, प्रोसेस, डेवलप, रिफाइन, पैक, रिपैक, इंपोर्ट, एक्सपोर्ट, होलसेल और / या रिटेल व्यापार करना तथा साथ ही विभिन्न मेडिकल वस्तुओं जैसे सर्जिकल इंस्ट्रूमेंट्स, कॉन्ट्रसेप्टिव्स, फोटोग्राफिक वस्तुएं, तेलों, परफ्यूम्स, सौंदर्य प्रसाधन, पेटेंट मेडिसिंस, साबुनों, कृत्रिम अंग, अस्पताल हेतु आवश्यक वस्तुएं, प्रोप्रीयेटरी मेडिसिंस, वेटरनरी मेडिसिंस तथा टिंचर एक्सट्रैक्ट में डील करना और टैबलेट्स, कैप्सूल्स, सिरप्स, इंजेक्शन, ऑइंटमेंट्स आदि की वायलिंग, बॉटलिंग, रिपैकिंग, प्रोसेसिंग का व्यवसाय करना, साथ ही केमिस्ट्स, ड्रगिस्ट्स, खरीदारों, विक्रेताओं, एजेंट्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स तथा सभी प्रकार के फार्मास्युटिकल्स एवं संबंधित उत्पादों के स्टॉकिस्टों का व्यवसाय करना एवं फार्मास्युटिकल्स, बायोटेक्नोलॉजी, मेडिकल डिवाइसेज और हेल्थकेयर उत्पादों के क्षेत्र में शोध एवं विकास करना तथा इसी से संबंधित लैबोरेट्रीज, टेस्टिंग सेंटर्स और रिसर्च इंस्टीट्यूट्स को स्थापित करना एवं उनका संचालन करना।

ब. कृषि उत्पादन, फसल कटाई, सरकारी खरीद, ग्रेडिंग, पूलिंग, हैंडलिंग, सुरक्षा, संग्रहण, बाजार, एग्रीकल्चर तथा हॉर्टिकल्चर के सभी संबंधित प्रकारों और शाखाओं में व्यवसाय करना तथा सभी प्रकार के एग्रीकल्चर तथा हॉर्टिकल्चर तथा फार्म उत्पादों को उगाने, उनके उत्पादन, मेन्यूफेक्चर, इंपोर्ट, एक्सपोर्ट, खरीद, बिक्री, बाजार, प्रोसेस, तैयारी, रिफाइन, सफाई, डिसइनफेक्ट, ब्लेंड, एक्सट्रेक्ट, मैनिपुलेट, हाइड्रोलाइज, डीऑर्डराइज, ग्राइंड, ब्लीच, हाइड्रोजेनेट खरीद, बिक्री का व्यवसाय करना या सभी प्रकार के एग्रीकल्चर तथा हॉर्टिकल्चर तथा फार्म उत्पादों में डील करना जिनमें बीज, पौधे, फूल, सब्जियां, फल, अपशिष्ट और अवशेष शामिल हैं तथा किसी भी प्राकृतिक अथवा जेनेटिकली होमोजिनस, उच्च उपज संभावना वाली सुधरी हुई फसलों के प्रकार, कीटों के प्रति प्रतिरोधक और एजेंट्स की तरह व्यवहार करने वाली, सभी प्रकार के बीजों, सब्सटेंस, स्टॉक, केमिकल्स, फर्टिलाइजर्स तथा उनके डेरिवेटिव्स, भूसा तथा उससे संबंधित सभी अन्य पदार्थों के ब्रोकर, आढ़तिया, वेयरहाउस, स्टॉकिस्ट, डिस्ट्रीब्यूटर, मार्केटिंग मैन, जॉब वर्कर, इंपोर्टर, एक्सपोर्टर, खरीदार, विक्रेता, फ्रेंचाइजी लेने वाला, एजेंट, छूट पाने वाला, ट्रांसपोर्टर, सप्लायर, कंसाइनर तथा डीलर को तैयार करना और संरक्षण के लिए कोल्ड स्टोरेज के कीपर्स, स्टोरेज चैंबर्स, वेयरहाउसों के रूप में व्यवसाय करना तथा उपरोक्त उल्लेखित उत्पादों और वस्तुओं के ट्रांसपोर्टर और रेफ्रिजरेशन ट्रांसपोर्टर की तरह व्यवहार करना।

3. ज्ञापन की प्रति तथा प्रस्तावित कंपनी से संबद्ध आर्टिकल का निरीक्षण इसके प्लॉट नं. 15 बी, 10 बी, इंडस्ट्रियल एरिया रंगवासा, राऊ, इंदौर 453331 स्थित दफ्तर में किया जा सकता है।

4. एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस आवेदन के प्रति यदि किसी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति लिखित में, इस नोटिस के प्रकाशन दिनांक से 21 दिनों की अवधि के भीतर, कंपनी को उसके पंजीकृत दफ्तर पर एक प्रति के साथ, रजिस्ट्रार, सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (सीआरसी), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (आईआईसीए), प्लॉट नं. 6, 7, 8, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा) पिन कोड 122050 पर दर्ज करा सकता है।

दिनांक : **09/06/2025**
स्थान : **इंदौर**

हस्ताक्षर/-
**गोविंद लढ्डा**
DIN : 07235521

**इन्डो थाई सिक्योरिटिज लिमिटेड**
Indo Thai trade with confidence
CIN : L67120MP1995PLC008959
पंजीकृत कार्यालय : ''केपीटल टॉवर'', दूसरी मंजिल, प्लाट नं. 169ए-171, पी.यू.-4, स्कीम नं. 54, इन्दौर - 452010 (म.प्र.)
फोन : 0731-4255800
ईमेल: indothaigroup@indothai.co.in वेबसाईट: www.indothai.co.in

**1 / 2025–26 असाधारण आम बैठक की सूचना और ई–वोटिंग की जानकारी**

इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के सदस्यों की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) बुधवार, 02 जुलाई, 2025 को सायं 04:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस ("वीसी") / अन्य दृश्य–श्रव्य माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी, ताकि कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के लागू प्रावधानों के अनुसार ईजीएम बुलाने की सूचना में निर्धारित व्यवसायों का संचालन किया जा सके।

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 101 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के साथ, असाधारण आम बैठक (ईजीएम) की सूचना 09 जून, 2025 को इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा उन सदस्यों को भेजी जा रही है, जिनके ईमेल पते कंपनी / डिपॉजिटरी प्रतिभागी(ओं) के पास पंजीकृत हैं और ईजीएम की सूचना कंपनी की वेबसाइट **www.indothai.co.in** पर उपलब्ध है। नोटिस को स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट यानी बीएसई लिमिटेड की **www.bseindia.com** और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की **www.nseindia.com** से भी देखा जा सकता है। ईजीएम की सूचना सीडीएसएल की वेबसाइट **www.evotingindia.com** पर भी उपलब्ध होगी।

नोटिस आगे दिया गया है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसार, संशोधित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और लिस्टिंग विनियमों के विनियमन 44 के अनुसार, वे सदस्य जो कट–ऑफ यानी 24 जून, 2025 को डीमैट रूप में शेयर रखते हैं वे ईजीएम के नोटिस में निर्धारित व्यवसाय पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं।

कंपनी ने रिमोट ई–वोटिंग प्रदान करने के लिए सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की सुविधा का लाभ उपलब्ध है। रिमोट ई–वोटिंग के लिए विस्तृत प्रक्रिया / निर्देश ईजीएम के नोटिस में शामिल हैं। एक व्यक्ति जो कट ऑफ यानी 24 जून, 2025 तिथि पर सदस्य नहीं है, उसे इस नोटिस को केवल सूचना के उद्देश्य से लेना चाहिए।

नोटिस में यह भी कहा गया है कि जिन सदस्यों ने अभी तक अपने ई–मेल पते कंपनी के साथ पंजीकृत नहीं कराए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे इसे कंपनी / आरटीए के साथ पंजीकृत करवा लें। कंपनी / आरटीए के साथ ई–मेल पते के पंजीकरण की विस्तृत प्रक्रिया ईजीएम के नोटिस में दी गई है। इसके अतिरिक्त, जिन सदस्यों ने कंपनी के साथ अपने ई–मेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, वे नोटिस में प्रस्तावित प्रस्तावों के लिए वोट करने के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल प्राप्त कर सकते हैं। प्रस्तावित प्रस्तावों के लिए ई वोटिंग के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल प्राप्त करने की विस्तृत प्रक्रिया ईजीएम के नोटिस में दी गई है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों और उसके तहत निर्धारित प्रासंगिक नियमों के अनुसार विवरण इस प्रकार हैं :–

1. ईजीएम कि सूचना में निर्दिष्ठ व्यवसायों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से निष्पादित किया जाएगा।
2. रिमोट ई–वोटिंग प्रारंभ करने की तारीख और समय रविवार, 29 जून, 2025, प्रातः 09:00 बजे से ("आई.एस.टी")।
3. रिमोट ई–वोटिंग समाप्त करने की तारीख और समय मंगलवार, 01 जुलाई, 2025 सायं 05:00 बजे तक ("आई.एस.टी")।
4. कट ऑफ की तारीख मंगलवार, 24 जून, 2025।
5. यदि कोई सदस्य एजीएम सूचना के प्रेषण के बाद कंपनी कि सदस्यता अर्जित करते है तथा निर्णायक तिथि अर्थात मंगलवार, 24 जून, 2025 को शेयर धारित करते है उस परिस्थिति में ईजीएम की सूचना में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करके लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।
6. मंगलवार, 01 जुलाई, 2025 को सांय 5.00 बजे के बाद इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिमोट ई–वोटिंग कि अनुमति नहीं होगी। ई–वोटिंग सुविधा सायं 5.00 बजे के बाद तत्काल बंद कर दी जाएगी।
7. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान करने की सुविधा ईजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी और बैठक में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे ई–वोटिंग के माध्यम से बैठक में अपने अधिकार का उपयोग करने में सक्षम होंगे।
8. कंपनी के सदस्य जिनके पास कट–ऑफ तारीख यानी मंगलवार, 24 जून, 2025 को डीमटेरियलाइज्ड रूप में शेयर हैं, वे ही रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे।
9. सदस्य द्वारा एक बार किसी प्रस्ताव पर मतदान कर दिए जाने के बाद उसमे बाद में परिवर्तन करने की उन्हें अनुमति नहीं दी जायगी।
10. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुडी सभी शिकायतों के लिए श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) ए विंग, 25 वीं मंजिल, मैराथन यूचरएस, मफतलाल मिल कंपाउंडस, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई–400013 को संबोधित किया जा सकता है या **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ई–मेल भेजें या टोल नंबर 1800 22 55 33 पर कॉल करें।

**निर्देशक मंडल के आदेशानुसार**
**फार इन्डो थाई सिक्योरिटिज लिमिटेड**
हस्ताक्षर
**श्रुति सिकरवार**
कम्पनी सचिव सह अनुपालन अधिकारी
(मेम्बरशीप नं. ए61132)

दिनांक: 09 जून 2025
स्थान: इंदौर

C/o/n/v/e/y

## Top US, China officials hold talks to ease trade tensions

**Agencies**
LONDON

Top US and Chinese officials met on Monday to try to defuse a high-stakes trade dispute that has widened beyond tit-for-tat tariffs to restrictions over rare earths, threatening to cripple supply chains and slow global growth.

Officials from the two superpowers met to try to get back on track with a preliminary agreement struck last month in Geneva that had briefly lowered the temperature between Washington and Beijing.

Since then the US has accused China of slow-walking on its commitments, particularly around rare earths shipments.

Attending the talks in London were US Treasury Secretary Scott Bessent, Commerce Secretary Howard Lutnick and US Trade Representative Jamieson Greer, and a Chinese contingent helmed by Vice Premier He Lifeng.

US economic adviser Kevin Hassett said on Monday that the US team wanted a handshake from China on rare earths after Presidents Donald Trump and Xi Jinping spoke last week.

**NEW OFFENSIVE** | Moscow's troops 'advance into the depths' of east-central Dnipropetrovsk, take control of more territory

# Russia captures Ukraine areas to form buffer zone

**Agencies**
MOSCOW

Russia said on Monday that its forces had taken control of more territory in Ukraine's east-central region of Dnipropetrovsk, where the Kremlin said fighting was partly aimed at creating a "buffer zone."

